<u>शासकीय महाविद्यालय कुरवाई</u>

<u>सत्र 2023-24</u>

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार 2023-24 की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

शासकीय महाविद्यालय कुरवाई मे सत्र 2023-24 मे महाविद्यालय स्तर बेडमिंटन खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे पुरुष और महिला प्रतियोगियों ने चयन प्रतियोगिता मे भाग लिया। पुरुष वर्ग मे विवेक नामदेव का चयन 22 सितंबर 23 को राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या अग्रणी महाविद्यालय विदिशा मे आयोजित जिला स्तर बेडमिंटन प्रतियोगिता के लिए किया गया ।

विवेक नामदेव जिला स्तरीय प्रतियोगिता विदिशा में खेलते हुए

शासकीय महाविद्यालय कुरवाई के खिलाडी विशाल पंथी,सत्यम माझी ने जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 30 सितंबर 23 को एस.एस.एल. जैन महाविद्यालय द्वारा आयोजित किया गया। जिसमे खिलाडियों का चयन संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता भोपाल हेतु किया गया । यह प्रतियोगिता 11 अक्टूबर को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा आयोजित की गई।

शासकीय महाविद्यालय कुरवाई के खिलाडि विवेक नामदेव,सत्यम माझी,मोहित अहिरवार का चयन शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरोंज मे आयोजित जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए किया गया । प्रतियोगिता मे जीतकर इनका चयन 12 अक्टूबर को सीहोर मे आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिये किया गया।

जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में सत्यम माझी एवं विवेक नामदेव सिरोंज प्रभारी प्राचार्य एवं दिपेश चंद्र पुरोहित से पुरस्कार प्राप्त करते हुए

कुरवाई मे जिला स्तरीय कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन

शासकीय महाविद्यालय कुरवाई में जिला स्तरीय कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें शासकीय एवं आशासकीय महाविद्यालय के 6 टीमों ने भाग लिया । प्रतियोगिता का शुभारम्भ सरस्वती जी की मूर्ति पर माल्या अर्पण एवं दीप प्रज्वलित किया श्रीमती लता वानखेड़े पूर्व अध्यक्ष महिला आयोग, मुख्य अतिथि माननीय हरिसिंह सप्रे विधायक कुरवाई, अध्यक्षता माननीय श्री सीताराम सैनी ,अध्यक्ष जनभागीदारी समिति श्री चंद्रभान सिंह दांगी सांसद प्रतिनिधि , श्री विनोद जैन विधायक प्रतिनिधि, मोहम्मद साबिर खान विकासखंड खेल अधिकारी, प्राचार्य डॉ. ए.के.चतुर्वेदी, खेल अधिकारी दीपेश चंद्र पुरोहित की उपस्थिति में किया गया। खिलाडियों से अतिथियों द्वारा परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

श्रीमति लता वानखेड़े,हरि सिंह सप्रे,डॉ.ए.के.चतुर्वेदी,सीता राम सैनी,विनोद जैन,चंद्र भान सिंह दांगी

राज माता सिंधिया शासकीय कन्या अग्रणी महाविद्यालय विदिशा विजेता रहा । शासकीय महाविद्यालय कुरवाई उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। विजेता उपविजेता खिलाडी एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर प्राचार्य डॉ. ए.के.चतुर्वेदी,खेल अधिकारी दीपेश चंद्र पुरोहित ,डॉ.करन्दीकर गंज बसोदा,वसीम उल्ला खान सिरोंज, रवि कांत नामदेव विदिशा खेल युवक कल्याण विभाग विदिशा के अरविंद सिंह राजपूत,फखरुद्दीन खान डॉ अरुण पटेल,डॉ.मोहम्मद सादिक,डॉ.तरुण रोहित, डॉ.श्याम चक्रवर्ती,डॉ.नीलम जैन,डॉ.कुसुम लता, सुश्री वर्षा निगम,डॉ.संदीप पांडे,कुलदीप भानु जायसवाल,लोटन अनुरागी निहाल द्वारा सम्मानित किया । इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाडी 16 से 18 अक्टूबर के बीच संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम मे महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा, कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलम जैन ने किया ।

विजेता एवं उपविजेता खिलाडियों के साथ

शासकीय महाविद्यालय कुरवाई के कबड्डी महिला वर्ग मे खिलाडि मेघा कुर्मी, मंदाकिनी कुर्मी, नेहा साहू का चयन संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता शासकीय महाविद्यालय भेरुंदा नसरुल्लागंज जिला सीहोर के लिए किया गया,जो दिनाँक 16/10/23 को आयोजित की गई जिसमे सेमी फाइनल मे सीहोर जिले से हार का सामना करना पढ़ा ।

इनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के समस्त जनभागीदारी के सदस्य प्राचार्य डॉ.ए.के.चतुर्वेदी, समस्त प्राध्यपको ने बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।